अमर उजाला 20/09/2025

# उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राचार्य सम्मानित

अंबाला। नगर परिषद अंबाला सदर ने जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को स्वच्छ भारत मिशन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया। यह सम्मान स्वच्छ अंबाला हरित अंबाला अभियान के अंतर्गत प्रदान किया गया, जिसमें डॉ. दत्त के निरंतर प्रयास को मान्यता दी गई। नगर परिषद से यह सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ. दत्त ने आभार व्यक्त किया और स्वच्छ भारत मिशन के आदर्शों के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए छात्रों को प्रेरित किया। संवाद